कार्यालय, आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी॰टी॰नगर, भोपाल

कमांक / प्रशासन / भंडार / आविभो / 069(a) / 2025 भोपाल, दिनांक 03 / 05 / 2025

# Tender Document
# Technical-Cum-Commercial Bid

1. आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी.टी. नगर भोपाल में वर्ष भर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम, मंडल संचालित परीक्षाओं, समन्वयक कार्यों, निर्वाचन कार्यों, काउंसलिंग सेमीनार, विज्ञान प्रदर्शनी, खेल प्रतियोगिताओं, एनसीसी, स्काउट कैम्प इत्यादि एवं अन्य कार्यक्रम व्यवस्थाओं में टेन्ट पंडाल, टेन्ट सामग्री एवं विभिन्न कार्यक्रमों दौरान उपस्थिति मुख्य अतिथि, अधिकारीगण, शिक्षकीय / कर्म. स्टॉफ की लंच भोज व्यवस्था हेतु वार्षिक दरें स्वीकृति हेतु दरें आमंत्रित की जाती है।

2. पंडाल, टेन्ट सामग्री व्यवस्था हेतु प्रस्तावित दरें भोपाल टेन्ट एसोसिएशन की स्वीकृत दरों मे डिस्काउंट का उल्लेख कर प्रदान की जाना है। एवं केटरिंग दरें टेन्डर फार्म में उल्लेखित मेन्यू के आधार पर **सूपः**— टोमेटो, हॉट एन सॉर (एक) **पनीर सब्जीः**— बटर पनीर मसाला, कढाई पनीर (एक) छोले मसाला (एक) मिक्स वेज, आलू गोबी (एक), मैथी मटर मलाई, कोफता (एक) **दालः**— दाल तडका, दाल फ्राई, दाल मखनी (एक) **राईसः**— जीरा राईस, प्लेन राईस, पुलाव (एक), **दहीः**— दहीबडा, बूंदी रायता, फ्रूट रायता (एक) सादी पूडी, मसाला पूडी, तवा रोटी एवं **स्वीट्सः**— गुलाबजामुन, गाजर हलवा, मूंग हलवा, आईस्क्रीम (दो) अनुसार उच्च क्वालिटी में लंच खाध सामग्री की दरें प्रदान करना होंगी।

2. आदर्श विद्यालय भोपाल में टेन्ट सामग्री व्यवस्था एवं केटरिंग व्यवस्था सेवाऐं संतोषजनक पायी जाती है। तो समान शर्तों और सेवा शुल्क पर दोनों पक्षों की आपसी सहमति अथवा नवीन रूप से दरें स्वीकृत होने अधिकतम रूप से टेन्ट सामग्री व्यवस्था एवं केटरिंग व्यवस्था सेवाऐं आगामी 01 माह की अवधि हेतु बढायी जा सकती है।

3. यह आमंत्रण ऐसे टेन्ट सामग्री, केटरिंग व्यवस्था एजेंसियों और व्यक्तियों के लिए खुला है, जिनके पास टेन्ट सामग्री, केटरिंग व्यवस्था के क्षेत्र में निम्नतम 02 वर्ष का अनुभव है। एवं वर्तमान में म.प्र. के किसी उपक्रम, शिक्षण संस्थान एवं व्यवसायिक संस्था को सेवाऐं प्रदान कर रहा है।

4. कोटेशनों में उल्लेखित दर टेन्ट सामग्री, केटरिंग व्यवस्था फर्मों के चयन के लिए एकमात्र मापदंड नहीं है। ऐसी फर्मों द्वारा प्रस्तुत निविदाऐं जिनके पास 02 वर्ष का अनुभव नहीं है। उन पर विचार नहीं किया जावेगा। एवं उनकी निविदाऐं अस्वीकार कर दी जावेगी।

5. टेन्ट सामग्री, केटरिंग व्यवस्था हेतु निविदा फार्म में उल्लेखित विवरण अनुसार ही दरें अंकित कर प्रदान करना होगी।

6. टेन्ट सामग्री, केटरिंग व्यवस्था फर्मों को निर्धारित टेन्डर फार्म दिनांक 05 / 05 / 2025 से 21 / 05 / 2025 तक कार्यालयीन समय अपरान्ह 12:00 से 03:00. बजे तक विद्यालय

वेबसाईट में उल्लेखित शुल्क राशि पर प्राप्त करना होगा। एवं टेन्ट सामग्री, केटरिंग व्यवस्था वार्षिक दरें स्वीकृति हेतु दरें प्रदान करना होगी।

6. टेन्ट सामग्री, केटरिंग व्यवस्था फर्मों से प्राप्त निविदाऐं दिनांक 21/05/2025 को अपरान्ह 04:30 बजे सार्वजनिक रूप से विद्यालय कक्ष में प्राचार्य महोदया, समिति सदस्यों एवं टेन्ट सामग्री, केटरिंग एजेंसियों/प्रतिनिधियों/प्रोपराईटर्स की उपस्थिति में खोली जावेगी।

7. टेन्ट सामग्री, केटरिंग व्यवस्था हेतु संबंधित फर्मों को चाहे गए निविदा फार्म, सह 35,000/— अर्नेस्ट मनी धनादेश/बैंक ओवर ड्राप्ट/नगद/बैंक गारण्टी के रूप में जमा करना होगी। दरें मान्य न होने की स्थिति में जमा अर्नेस्ट मनी 15 दिवस के भीतर संबंधित टेन्ट सामग्री, केटरिंग एजेंसियों विक्रेता फर्मों को लौटा दी जावेगी।

8. टेन्ट सामग्री, केटरिंग व्यवस्था सेवाऐं अवधि दिनांक 01/06/2025 से 31/05/2026 के लिए मान्य होगी। एवं सेवाऐं संतोषप्रद पाए जाने व आपसी सहमति पर आगामी 03 माह तक कार्य सेवाओं में वृद्वि की जा सकेगी।

9. जिस टेन्ट सामग्री, केटरिंग एजेंसी विक्रेता/फर्म की दरें मान्य होती है। उनके द्वारा जमा अर्नेस्ट मनी राशि रू. 35,000/— सुरक्षा निधि के रूप में सेवा अवधि तक विद्यालय में जमा रहेगी। स्वीकृत सेवा अवधि के मध्य में सेवाऐं संबंधित फर्मों की और से प्रभावित करने पर जमा सुरक्षा निधि राशि राजसात् कर ली जावेगी।

10. जिन फर्मों द्वारा निविदा में भाग लिया जावेगा उन फर्मों के लिए Gem Portal पर वैद्य रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। एवं इससे संबंधित अभिलेखों की छायाप्रति विद्यालय में जमा करनी होगी।

11. प्रस्तुत की जा रही दरें Gem Portal की दरों के समकक्ष अथवा उनसे कम होगी।

12. टेन्ट सामग्री, केटरिंग फर्मों को भुगतान स्वीकृत मान्य दरों पर कार्यक्रम में टेन्ट एवं केटरिंग व्यवस्थाऐं प्राचार्य, समिति के प्रमाणित उपरांत नियमानुसार समयसीमा में की जावेगी।

13. टेन्ट सामग्री, केटरिंग व्यवस्था आदेशित दायित्वों का समयसीमा में निर्वहन न किए जाने पर टेन्ट सामग्री, केटरिंग व्यवस्था सेवाऐं समाप्ति का प्राचार्य को विशेषाधिकार होगा।

| | |
|---|---|
| उपप्राचार्य<br>आदर्श उ. मा. विद्यालय<br>टी. टी. नगर भोपाल | प्राचार्य<br>आदर्श उ. मा. विद्यालय<br>टी. टी. नगर भोपाल |